अमर उजाला 30/07/2025

# जागरूक उपभोक्ता आज की जरूरत : डॉ. रोहित दत्त



जागरूकता विषय पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी। कॉलेज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) एवं इद्रीश फाउंडेशन की ओर से संचालित समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दैनिक खाद्य पदार्थों में खाद्य मिलावट के प्रति जागरूकता विषय पर जागरूकता कार्यशाला करवाई गई। कार्यशाला के अवसर पर जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि दैनिक खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर समस्या है, जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती है। ऐसे में छात्रों को इस विषय पर जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल वैज्ञानिक जानकारी मिली, बल्कि उन्होंने उपभोक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को भी समझा। उन्होंने ओस्का और इद्रीश फाउंडेशन की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. नेहा अग्रवाल सहायक प्रोफेसर रसायन विभाग ने शिरकत की। संवाद